# University in News on 18 September 2021

## HINDUSTAN PAGE 7

# बीवीए, बीएफए और इंटीग्रेटेड एलएलबी के परिणाम आए

**एलयू**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को स्नातक के दो अन्य पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं के नतीजे घोषित किए। इनमें बीवीए/बीएफए और एलएलबी (पंच वर्षीय) पाठ्यक्रम शामिल हैं। एक दिन पहले बीवोक, बीजेएमसी, बीएलएड और बीएससी एग्रीकल्चर के नतीजे घोषित किए गए थे।

**93 सीटों पर प्रवेश के लिए 500 रैंक तक के अभ्यर्थीः** शुक्रवार को जो नतीजे जारी हुए उनमें बीवीए/बीएफए की 93 सीटों पर प्रवेश के लिए 500 रैंक तक के अभ्यर्थी मेरिट सूची में शामिल किए गए हैं।

### 3445 अभ्यर्थियों के नाम मेरिट सूची में शामिल

वहीं एलएलबी (पंच वर्षीय) की 160 पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा देने वाले सभी 3445 अभ्यर्थियों के नाम मेरिट सूची में शामिल किए गए हैं। यहां तक कि अंतिम पायदान पर जो अभ्यर्थी है उसे प्रवेश परीक्षा में केवल आठ नंबर मिले हैं, उसका नाम भी सूची में शामिल है। अभ्यर्थियों की प्रोविजनल रैंक की यह मेरिट सूची लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www. lkouniv. ac. in पर उपलब्ध है।

# बीएड काउंसलिंग में शुरू हुआ ऑनलाइन पंजीकरण

**दाखिले की दौड़**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

बीएड के सत्र 2021-2023 में दाखिले के लिए शुरू हुई मुख्य काउंसलिंग के पहले राउंड में ऑनलाइन पंजीकरण शुक्रवार से शुरू हो गए। जिस तेजी से अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है, उससे यह कहना गलत नहीं होगा कि पहले दिन ही सरकारी कॉलेजों की सीटें फुल हो जाएंगी। वहीं कॉलेज आवंटन के लिए च्वाइस फिलिंग 21 से शुरू होगी।

बीएड प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि पहले राउंड में एक से 75000 रैंक तक के अभ्यर्थी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें से पहले दिन लगभग 8 हजार ने पंजीकरण करा लिया है। जबकि सरकारी कॉलेजों में बीएड की 7830 सीटें उपलब्ध हैं। प्रदेश के राजकीय व सहायता प्राप्त महाविद्यालय, स्ववित्तपोषित महा विद्यालयों में प्रवेश लिए जाएंगे।

## i-NEXT PAGE 4

# बीएड काउंसिलिंग शुरू 7,938 का रजिस्ट्रेशन

**पहले चरण में 21 सितंबर तक है रजिस्ट्रेशन का मौका**

CONCEPT PIC



lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW(17 Sept):** संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 में एडमिशन के लिए मुख्य काउंसिलिंग के पहले चरण की शुरुआत शुक्रवार से हो गई है. काउंसिलिंग के पहले दिन एक से 75,000 रैंक के कैंडीडेट्स में से शाम पांच बजे तक 7,938 कैंडीडेट्स ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा चुके थे.

### नहीं हुई कोई परेशानी

राज्य समन्वय प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि प्रदेश के 16 राज्य विश्वविद्यालयों के अंतर्गत 2,477 राजकीय, सहायता प्राप्त और स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में बीएड में एडमिशन के लिए आवंटित सीटों पर एडमिशन दिए जाएंगे. इनमें 7,830 सीटें विश्वविद्यालय, राजकीय, सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की हैं, जबकि 2,27,180 सीटें स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की हैं. पहले चरण के रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं. कैंडीडेट्स को ऑनलाइन प्रक्रिया में किसी तरह की परेशानी की कोई सूचना नहीं आई है. 21 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन कराने का मौका कैंडीडेट्स के पास रहेगा. च्वाइस फिलिंग 21 से 24 सितंबर तक होगी.

### 25 को पहला सीट आवंटन

काउंसिलिंग के रजिस्ट्रेशन के लिए 750 रुपए फीस रखी गई है. पहले चरण का सीट आवंटन 25 सितंबर को होगा. 26 से 29 सितंबर तक सीट कंफर्मेशन के साथ निर्धारित फीस जमा करनी होगी. उसके बाद दूसरे चरण में 75,001 से दो लाख रैंक तक और पहले चरण के छूटे हुए कैंडीडेट्स के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 25 सितंबर से शुरू होगी.

## JAGRAN CITY PAGE I

# बीएड काउंसिलिंग के लिए 7,938 ने कराया पंजीकरण

**जासं, लखनऊ :** संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 में दाखिले के लिए मुख्य काउंसिलिंग के पहले चरण की शुरुआत शुक्रवार से हो गई। पहले दिन एक से 75,000 रैंक तक में से शाम पांच बजे तक 7,938 अभ्यर्थियों ने आनलाइन पंजीकरण कराया।

राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि प्रदेश के 16 राज्य विश्वविद्यालयों के अंतर्गत 2,477 राजकीय, सहायता प्राप्त और स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में बीएड में दाखिले के लिए आवंटित सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे। इनमें 7,830 सीटें विश्वविद्यालय, राजकीय, सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की हैं, जबकि 2,27,180 सीटें स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की हैं। पहले चरण के पंजीकरण शुरू हो गए हैं।

### 25 सितंबर को पहला सीट आवंटन

काउंसिलिंग के पंजीकरण के लिए 750 रुपये शुल्क है। पहले चरण का सीट आवंटन 25 सितंबर को होगा। 26 से 29 सितंबर तक सीट कंफर्मेशन के साथ फीस जमा करनी होगी। उसके बाद दूसरे चरण में 75,001 से दो लाख रैंक तक और पहले चरण के छूटे हुए अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण 25 सितंबर से शुरू होंगे।

## PIONEER PAGE 3

# बीएड काउंसलिंग के पहले दिन 7,938 अभ्यर्थियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** भर में बीएड कालेजो में दाखिले को लेकर शुक्रवार से शुरू हुई प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग के दौरान पहले दिन 7,938 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पहले चरण की काउंसलिंग के दौरान स्टेट रैंक 1 से 75,000 तक के अभ्यर्थी शामिल होंगे। राज्य समन्वयक प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-2023 की काउन्सिलिंग प्रक्रिया द्वारा प्रदेश के 16 राज्य विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत 2477 राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय/ स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में बीएड में प्रवेश हेतु आवंटित सीटों पर प्रवेश किये जायेंगे। इन विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के अन्तर्गत बीएड में प्रवेश हेतु सीटों की कुल संख्या 2,35,010 है। इनमें से 7,830 सीटें विश्वविद्यालय राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की हैं जबकि 2,27,180 सीटें स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की हैं।

**प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी:** लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल के बीवीए बीएफए, एलएलबी आनर्स, बीसीए और बीबीए पाठ्यक्रमों के प्रवेश परीक्षा के परिणाम आज जारी कर दिए गए। परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर एडमिशन पेज पर यूजी एडमिशन में अपनी ओवरऑल रैंक प्रोविजनल देख सकते हैं। काउंसलिंग एवं च्वाइस फिलिंग से सम्बन्धित निर्देश जल्द ही वेबसाइट पर जारी किए जाएँगे।